## 'हमारा संकल्प-विकसित भारत' कलेण्डर का लोकार्पण किया

**सीकर, ( निसं )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हमारा संकल्प - विकसित भारत कलेण्डर का लोकार्पण सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने शनिवार को व्हाईट हाउस में किया।

सांसद सरस्वती ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि श्हमारा संकल्प-विकसित भारत बने। इसके लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए कलेण्डर बनवाये गये हैं। उन्होंने बताया कि यह कलेण्डर सीकर लोकसभा क्षेत्र में करीब एक लाख परिवार तक पहुंचाये जाएंगे।

सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने बताया कि इसके साथ ही केंद्र सरकार की सभी योजनाओं को लेकर एक बुक भी तैयार करवाई गई है। यह भी आमजन को वितरित की जायेगी। बुक में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई है। सरकारी योजनाओं की यह बुक आमजन के लिए काफी फायदेमंद रहेगी।

# शादी का झांसा देकर रुपए ऐंठने पर गुर्जर समाज के लोगों में रोष

■ बीस ग्राम पंचायत के लोगों ने बैठक कर न्याय दिलाने की बात कही

**पाटन, ( निसं )।** शादी जैसे पवित्र बंधन पर भी ठगों द्वारा दिन प्रतिदिन अपना शिकंजा कसा जा रहा है, उम्रदराज युवकों को शिकार बनाकर तथा अपने गिरोह के माध्यम से युवक एवं परिजनों को प्रोत्साहित कर भारी रकम की ठगी किया जाना आम बात हो चली है। इसी क्रम में पाटन के नजदीकी ग्राम बराला पोस्ट दरीबा के युवक कुलदीप भड़ाना पत्र ख्यालीराम भडाना से करीब दो-तीन माह पहले देवाराम गुर्जर जो पूर्व जिला प्रमुख दाताराम गुर्जर का रिश्ते में भतीजा है एवं उसके दो सहयोगी दोस्तों ने मिलकर चंदवाजी जयपुर के पास सिरोही ग्राम में एक तलाकशुदा युवती से विवाह करा देने का प्रस्ताव सामने रखा। इस पर युवक ने राजनीतिक प्रतिष्ठित व्यक्ति दाताराम गुर्जर के परिवार के सदस्य द्वारा दिए गए प्रस्ताव पर निसंदेह विश्वास कर प्रस्ताव स्वीकार कर लिया।

देवाराम के द्वारा शादी की बात कही गई जिसमें आधी रकम पहले और आधी रकम काम होने के बाद की बात पर दोनों की सहमति बनी। युवक ने किसी रिश्तेदार से पैसे उधार लेकर 6 लाख रुपए के करीब देवाराम गुर्जर को दे दिए। युवक को 23 फरवरी 2024 को विवाह की तिथि का वधू पक्ष द्वारा निश्चित किया जाना अवगत करवाया गया। युवक द्वारा भी नियत तिथि पर सामाजिक आयोजनों की तैयारी संपूर्ण कर ली गई थी। 18 फरवरी को राम सिंह गुर्जर निवासी जाट की ढाणी द्वारा युवक के घर जाकर लग्न पत्रिका वधू पक्ष की तरफ से आने की बात कहकर युवक के परिजनों को दे दी गई तथा युवक अपने वैवाहिक कार्यक्रम में व्यस्त रहा 23 फरवरी को जिस दिन विवाह की तिथि थी उसी दिन राम सिंह गुर्जर ने युवक को फोन से संपर्क कर लड़की की दादी के देहांत की बात कह कर विवाह नहीं होने की सूचना दी गई।

इस पर वर पक्ष ने सामाजिक छवि खराब होने एवं प्रतिष्ठा धूमिल होने की बात कही तो उक्त लोगों ने फोन काट कर अपना फोन बंद कर लिया। दोनों द्वारा कहे गए कथन को युवक ने जब अपने परिजनों को अवगत करवाया तो परिजनों ने बताया कि दाल में कुछ काला है। तो समाज एवं सामाजिक लोगों ने जब हकीकत की तलाश की पता चला कि उक्त दोनों व्यक्तियों द्वारा बताए गए स्थान पर तलाकशुदा कोई युवती है ही नहीं। इस परिपेक्ष्य में 2 मार्च, शनिवार को युवक के आवास स्थान के पास समाज के प्रतिष्ठित एवं सामाजिक लोगों के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कोटपूतली एवं नीमकाथाना जिले की लगभग 20 ग्राम पंचायतों से भी अधिक समाज के प्रतिष्ठित लोगों ने भाग लिया।

शीघ्र ही समाज के पदाधिकारियों ने ठगी के दोनों आरोपियों के विरुद्ध जुर्माना अधिरोपित करने अन्यथा वर पक्ष द्वारा उचित कानूनी कार्रवाई करने तथा समाज का पूर्ण सहयोग प्राप्त करने का अधिकारी दिया। इस दौरान दरीबा ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच गोकुल गुर्जर ,पूर्व जिला परिषद सदस्य नाथूराम गुर्जर नानकवास, चंदौली सरपंच रामकुमार गुर्जर, पूर्व सरपंच रामावतार गुर्जर, किशन नेता बोपिया, एडवोकेट रामजीलाल गुर्जर,पूर्व सरपंच हजारी लाल गुर्जर, मुलाराम गुर्जर,सहित सैकड़ो गुर्जर समाज के लोग उपस्थित रहे।

## झाझडिया होंगे भाजपा चूरू लोकसभा प्रत्याशी

**सादुलपुर, ( निसं )।** खेल की दुनिया में भारत का विश्व पटल पर नाम रोशन करने वाले पदम श्री, पद्म भूषण एवं गोल्ड मेडलिस्ट देवेंद्र झाझडिया चूरू लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी होंगे।

शनिवार शाम को जैसे ही भाजपा प्रत्याशियों की सूची में देवेंद्र झाझडिया का नाम आया तो शहर में कहीं खुशी, तो कहीं गम का माहौल बन गया। वहीं देवेंद्र झाझडिया के समर्थको ने आतिशबाजी कर मिठाई वितरण कर खुशी मनाई। तथा कहा कि मोदी है तो सब मुमकिन है तथा जिले में अब नई भाजपा का जन्म हो गया है। देवेंद्र झाझडिया के पैतृक गाँव झाझडियों की ढाणी में ग्रामीणों ने जमकर आतिश बाजी कर खुशी मनाई। इस मौके पर देवेंद्र झाझडिया के घर में उनके परिवार तथा गांव के लोगों ने एक दूसरे का मुंह मीठा करवाकर खुशी मनाई। इस अवसर पर उपस्थित देवेंद्र झाझडिया की माँ जीवणी देवी ने कहा कि उसके पुत्र को भाजपा से लोकसभा क्षेत्र चूरू की टिकट मिलने पर बहुत खुशी महसूस हो रही है।

## सार-समाचार

### संपर्क अभियान शुरु

**चूरू, ( कासं )।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार केन्द्र सरकार के लोककल्याणकारी नीतियों से लाभान्वित लाभार्थियो से सम्पर्क अभियान सुचारू रूप से जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा के नेतृत्व में जिलेभर में चल रहा है। चूरू लोकसभा की सभी छ विधानसभाओं के प्रत्येक गांव व मण्डल पर भाजपा कार्यकर्ता लगातार लाभार्थियो से सम्पर्क कर रहे हे जिसके तहत जिले के सभी वरिष्ठ नेता गांव में रात्री प्रवास कर लाभार्थियो से संवाद स्थापित कर केन्द्र की नीतियों से उन्हे जोड़ रहे है। जिला महामंत्री अभिषेक चोटिया ने बताया कि चूरू, सादुलपुर, रतनगढ़, तारानगर, सरदारशहर, सुजानगढ़ विधानसभा में सभी वरिष्ठ नेता एवम् कार्यकर्ता लगातार प्रवास कर लाभार्थियो से सम्पर्क स्थापित कर रहे है एवम् कार्यकर्ता स्थानीय लेगो को नमो एप डाउनलोड करवा रहे है। जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने कार्यक्रम के संदर्भ में जानकारी देते हुऐ बताया कि पीएम मोदी का सीधा सा लक्ष्य है कि देश के शासन का लाभ गरीब युवा किसान और महिलाओं तक सीधा पहुचे। उन्होने कहा कि देश में गरीब कल्याण महिला सशक्तिकरण युवा उत्थान एवम् किसान सम्मान का नया अध्याय लिखा जा रहा है। उन्होने कहा कि क्षैत्र के गांव गांव में बिजली पहुंचने एवम् जल से नल पहुचने से लोगो को काफी फायदा मिला है।

### विद्यालय के आगे गंदा पानी का जमावड़ा

**चूरू, ( कासं )।** रतननगर के सुरेका शक्ति मंदिर के पास राजकीय सुवटी देवी सुरेका प्राथमिक विद्यालय व बाल उद्यान के आगे गंदा पानी का जमावड़ा रहता है। जिससे कस्बे के लोगों व विद्यार्थियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वंही कस्बे के गणेश मंदिर के रास्ते पर गंदा पानी होने की वजह से श्रद्धालुओं को आने जाने में काफी परेशान होना पड़ता है। इस समस्या को लेकर रतननगर प्रशासन को कई बार अवगत कराया जा चुका है। लेकिन अभी तक इस समस्या का कोई निदान नही हुआ है। समस्या जस की तस बनी हुई है।

### सांसद सुमेधानंद सरस्वती को तीसरी बार टिकट मिलने पर खुशी

**सीकर, ( निसं )।** सीकर संसदीय क्षेत्र से सांसद सुमेधानंद सरस्वती को तीसरी दफा टिकट मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर व पटाखे फोड़कर खुशी का इजहार किया। सीकर के रामलीला मैदान स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर देश के प्रधानमंत्री का आभार प्रकट किया। इस दौरान सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , अमित शाह, जेपी नड्डा व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का बहुत बहुत आभार। सीकर की जनता इस बार भी नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में पूरा सहयोग करेगी। मुझे पूरा विश्वास है। में भी जनता के विश्वास को बनाये रखूंगा।

### 15 वां वार्षिक उत्सव मनाया

**चूरू, ( का.सं. )।** ओम कालोनी स्थित बड का बालाजी मंदिर का 15 वां वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर महिलाओ ने सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा का पाठ किया ।मंदिर के पुजारी सीताराम सैनी ने बताया कि रात्री मे विशाल जागरण का आयोजन किया गया। जिसमे भजन गायक सांवरमल गुर्जरए रूपचंद शर्मा, राकेश कुमार मंटू, आंनद प्रजापत, सुशील बॉस, राजेंद्र मेघवाल, सुरेश सैनी आदि ने भजनो की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम मे सुबोध मासूम, डूंगर सिंह, लक्ष्मण सिंह, अनिता मोदी, तेजपाल प्रजापत सहित प्रमुख नागरिको ने आयोजकीय भूमिका निभाई।

### बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया

**सीकर, ( नि.सं. )।** इंटरनेशनल सोशल स्टडीज ओलंपियाड में फ्लोरेटो के केशव एवं अवनि की इंटरनेशनल फर्स्ट रैंक में जयपुर-बीकानेर बाईपास स्थित फ्लोरेटो वर्ल्ड क्लास आईसीएसई स्कूल के विद्यार्थियों ने इंटरनेशनल सोशल स्टडीज ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन किया है। फ्लोरेटो के कक्षा 4 के केशव शर्मा एवं कक्षा 3 की अवनि ने इंटरनेशनल लेवल पर फर्स्ट रैंक हासिल की है।

# शिक्षाविद् समाजरत्न बनवारीलाल रणवां का नागरिक अभिनंदन

■ राजनीति में सेवा का मौका मिला तो, स्वच्छ राजनीति करूंगा : रणवां

**नवलगढ़, ( निसं )।** गत रात्रि स्थानीय वर्मा हवेली में प्रसिद्ध कवि हरिश हिंदुस्तानी के नेतृत्व में शिक्षाविद् समाजरत्न बालिका शिक्षा के पुरोधा, गौसेवक, गरीबों के सहयोग डीपीएस शिक्षण संस्था के संस्थापक बनवारीलाल रणवां का नागरिक अभिनंदन व विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

नवलगढ़ व शेखावाटी की सैंकड़ों सामाजिक, शैक्षिणक, साहित्यिक संस्थाओं ने शॉल साफा प्रतीक चिह्न व माला पहनाकर सम्मान किया। नगरपालिका नवलगढ़, संजीवनी साहित्यिक व सामाजिक संस्था, एसोसिएशन ऑफ अलॉयंस इंटरनेशनल के क्लब, सूर्य मंडल, नवयुवक मंडल, संतोष मंडल, महावीर इंटरनेशनल, गोविंदराम बासोतिया ट्रस्ट, जाट समाज, अंगीरा सेवा संस्थान, शेखावाटी विप्र समाज मंच, जन मंगल सेवा संस्थान व चेतना, अलॉयंस क्लब 140, राष्ट्रीय कवि संगम, शब्दाक्षर साहित्यिक संस्था, शब्द साहित्यिक संस्था, जागरण मंच, आशा का झरना, गीतांजलि ज्वैलर्स व पोदार कॉलेज सहित सभी शिक्षण संस्थाएं, जातीय संस्थाएं, मित्रगणों द्वारा सम्मानित किया गया। रणवां के जीवन पर प्रशस्ति पत्र का वाचन सुरेश जांगिड़ ने किया तथा अतिथियों द्वारा भेंट किया गया। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नि व पुत्र राहुल रणवां का भी सम्मान किया गया। परमानंदम् समारोह में लोगों ने राजस्थानी परिधान पहनकर अपनी महिला परिजनों के साथ आनंद उठाया। नवलगढ़ में इस प्रकार का कार्यक्रम पहली बार सभी के सहयोग से आयोजित किया गया। बनवारीलाल रणवां ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि मेरे जीवन में सफलता का राज मेहनत, कर्तव्यनिष्ठा, अच्छी सोच तथा संयुक्त परिवार का योगदान है। विद्यार्थियों की संस्कारवान शिक्षा के लिए शिक्षण संस्थाएं व अभिभावक जिम्मेदार है। आपने कहा कि भविष्य में वे लड़कियों की शिक्षा में दस प्रतिशत की छूट करेंगे। आपने कहा कि अगर मुझे राजनीति में मौका मिला तो मैं स्वच्छ राजनीति करूंगा। आपने सभी को कहा कि जीवन में सफलता के लिए अपना कर्तव्य ईमानदारी से निभाना जरूरी है। कार्यक्रम में सैंकड़ों महिला शक्ति उपस्थित रही। जो अपने आपमें अदभुत है।

जिसमें हर भारतीय को अपने मन में देवत्व व पुरूषार्थ जगाने के भाव से अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त देशभक्ति के भीलवाड़ा से पधारे कवि योगेंद्र शर्मा ने कविता पढ़ी कि तुम चाहो तो जर्रा जर्रा रत्नाकर हो सकता है। तुम चाहो तो कंकर कंकर शिव हो सकता है। तुम चाहो तो रामराज्य का दौर शुरू हो सकता है। तुम चाहो तो भारत फिर से विश्व गुरू हो सकता है। दौसा से कवियित्री सपना सोनी ने सुंदर गीत प्रस्तुत कर समां महकाया। जयपुर से पधारे लाफ्टर चैम्पियन केशरदेव मारवाड़ी ने हंसते हंसते भारतीय व्यंजनों के प्रशंसा में भारतीय भोजन को अपनाइए जीवन मे निरोगता पाइए... से श्रोताओं की दाद पाई।

## सूरत सिंह पूनियां सम्मानित

**सादुलपुर, ( निसं )।** चूरू जिले के राजगढ निवासी सूरत सिंह पूनिया, वन्य जीव विशेषज्ञ को शनिवार को टाइगर वाच संस्था, सवाई माधोपुर द्वारा जो स्वर्गीय फतेह सिंह राठौड की स्मृति में प्रतिवर्ष वन्य जीवों के संरक्षण व इस क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करती है, ताल छाप्पर वन्य जीव अभ्यारण जो खास तौर से काले हिरनों के लिए दुनिया भर में जाना जाता है, में वर्ष 2007 से लेकर आज तक अभूतपूर्व, अतुलनीय व एक विशेषज्ञ के तौर पर उनके द्वारा किए गए कार्यों व पक्षियों की नई प्रजातियों के संरक्षण और उनके दुर्लभ फोटोग्राफ आदि के लिए उन्हें लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार, एक लाख रूपये नगद, प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो आदि देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर रवि सिंह सीईओ डब्लूडब्लूएफ, वाल्मीक थापर, संजना कपूर, रिजीत बनर्जी प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं धर्मेन्द्र खांडल जैसी इस क्षेत्र की प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति में यह पुरस्कार स्व. फतेहसिंह राठौड के पुत्र डॉ. गोवर्धन सिंह व परिजनों द्वारा प्रदान किया गया।

## सफल जीवन के लिए मोटीवेशन कार्यक्रम का आयोजन

**चूरू, ( का.सं. )।** जिला मुख्यालय के निकटवर्ती गांव बाढकी की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभागार में बच्चों को संस्कारित शिक्षा, सुस्वास्थ्य, परिक्षा की तैयारी, सफल जीवन के लिए मोटीवेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता एडवोकेट रामेश्वर प्रजापति जिला अध्यक्ष सिविल राइट सोसायटी चूरू ने बच्चों से कहा कि स्वस्थ रहो मस्त रहो पढ़ते रहो आगे बढ़ते इस संदेश के साथ पढ़ाई करनी है। बच्चों को प्रातः चार बजे से पहले उठकर पढ़ने का , तीन घंटे घर पर पढ़कर शाला आना, घर को आदर्श बनाते हुए आदर्श बालक के रूप मे शाला आने का स्वैच्छिक संकल्प दिलाया।

उन्होंने बालक बालिकाओं से कहा कि स्वास्थ्य अच्छा नहीं रखोगें बचपन में तो बुढ़े हो जावोगें बचपन में इसलिए नित्य दस मिनट रोजाना दौड़ना है। अंकुरित अनाज को भोजन का हिस्सा बनना है। टच स्क्रीन का मोबाइल ज्यादा नहीं चलाना है। अत्यधिक मीठा नहीं खाना है आदि सुस्वास्थ्य के टिप्स बताये। प्रजापति ने बच्चों को प्रातः जल्दी उठकर लिखकर पढ़ने की प्रेरणा देते हुए कहा कि लिखकर याद करने से याद अधिक होता है। लिखकर याद करने से नींद नहीं आती है। लिखकर याद करने से अशुद्धि दुर होती है। लिखकर याद करने से हस्तलिपि में सुन्दर होती हैं। लिखकर याद करने से शब्द कोष बढ़ता है। लिखकर याद करने से एकाग्रता बढ़ती है। लिखकर याद करने से सीटिंग की क्षमता बढ़ती है। लिखकर याद करने से शोर्ट नोट्स जो तैयार करते हो पढ़ाई को दोहराने में काम आते हैं लिखकर पढ़ने के आदि टिप्स की जानकारी बच्चों को दी।

उन्होंने बच्चों को परीक्षा में बिना तनाव के ध्यान योग से पढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सेवा राम निर्मल ने की। कार्यक्रम में राकेश कुमार व्याख्याता, जगदीश प्रसाद, मनीष सुडा, उमराव सिंह, सुनिता कुमारी, अनुपम ढाका, सुनिल कस्वा, निर्मला, कविता, महेन्द्र सिंह मील आदि ने सहभागिता दी। कार्यक्रम का संचालन सुरेन्द्र कुमार कुल्हरी अल आई सी अभिकर्ता ने किया।

## घुसकर की मारपीट, मामला दर्ज

**सादुलपुर, ( निसं )।** पालतू कुत्ते के साथ मारपीट करने के मामले में घर में घुसकर मारपीट करने के आरोप में राजगढ थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है। थाना अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह झाझडिया ने बताया कि प्रवीण कुमार नाई उम्र 28 साल निवासी वार्ड नंबर 37 सादुलपुर ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि 29 फरवरी 2024 की रात्रि को 9.00 बजे लगभग वह अपने पालतू कुते को घुमा रहा था। तभी राजकुमार रेगर ने उसके कुते के साथ मारपीट की। जिसको लेकर उन दोनों में हाथापाई हो गई। तथा शोर शराबा होने के बाद वे दोनों अपने-अपने घर चले गए। दर्ज मामले में बताया कि रात्रि 10 बजे लगभग अचानक राजकुमार रेगर उर्फ जेलिया अपने साथ ओमप्रकाश रैगर, करणा, कालू एवं 2-3 अन्य जिनके नाम नहीं जानता आए और घर के चौक में आकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। तथा घरेलू सामान तोड दिया, घर की औरतें बीच बचाव करने के लिए आई तो उक्त लोगों ने उनके साथ भी मारपीट की।

# असिस्टेंट प्रोफेसरों को बहाल करने की मांग

■ कॉलेज शिक्षा आयुक्त के नाम प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा

**झुंझुनूं, ( निसं )।** शनिवार को सभी कॉलेजों मे हटाए गए 1059 अस्थायी असिस्टेंट प्रोफेसरों को तुरंत प्रभाव से बहाल करते हुए सोसायटी एक्ट के तहत नए खोले गए सभी कालेजों का सरकारीकरण करते हुए स्थाई प्रोफेसर लगाने के मांग को लेकर कॉलेज शिक्षा आयुक्त के नाम प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा।

छात्रसंघ महासचिव मोहम्मद साहिल कुरैशी ने बताया कि छात्र संगठन एसएफआई मांग करता है कि राजस्थान में नए खोले गए 310 कॉलेज में 1059 अस्थाई असिस्टेंट प्रोफेसर को जिस प्रकार से सरकार ने हटाया है। वह विद्यार्थी विरोधी आदेश हैं। जहां एक तरफ यूजी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की सेमेस्टर परीक्षा के बाद अभी कक्षाएं शुरू हुई है। वो विद्यार्थी अब कहा जाएं, सुचारू रूप से शिक्षण कार्य के लिए हटाए गए, अस्थाई असिस्टेंट प्रोफेसर को तत्काल प्रभाव से सभी को बहाल किया जाए। तहसील अध्यक्ष कपिल चोपड़ा ने बताया कि नई भर्तियां तुरंत से निकालते हुए स्थाई व्याख्याताओं की व्यवस्था की जाए, सरकार जिले में जहां कहीं भी नए महाविद्यालयों में विद्या संबल के तहत व्याख्याता लगाए गए थे। इन्हें आदेश निकालकर हटा दिया गया है। ऐसे में नए महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही हैं। सरकार उस आदेश को वापस ले। छात्रसंघ अध्यक्ष पंकज डूडी ने बताया कि नए खोले गए सभी कॉलेजों को सोसायटी एक्ट से हटाकर सभी कॉलेजों का सरकारीकरण किया जाए। कॉलेज कमेटी अध्यक्ष उपेंद्रसिंह ने बताया कि स्थायी रूप से व्याख्याताओं का प्रावधान करें।

## मिलन समारोह संगम-2024 आयोजित

**रतनगढ़, ( निसं )।** स्थानीय महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, बापू नगर में प्रधानाचार्य रामनिवास बोयल की अध्यक्षता व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भंवरलाल डूडी के मुख्य आतिथ्य में आशीर्वाद, भामाशाह एवं पूर्व छात्र मिलन समारोह संगम-2024 का आयोजन किया गया। समाजसेवी वेदप्रकाश पंवार, समाजसेवी गीतूघोड़ेला, यूसीईईओ बाबूलाल सांखोलिया, पूर्व बीईईओ मदनलाल कम्मा, रामावतार शर्मा, श्रवण सोडा, वासुदेव चाकलान आदि मंचस्थ अतिथि थे। मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन में साथ शुरू हुवे कार्यक्रम में आगंतुक अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भामाशाह एवं भामाशाह प्रेरकों, उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों, प्रतिभावान एवं उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई।

## एनटीटी भर्ती पूरी करवाने की मांग की

**झुंझुनूं, ( निसं )।** एनटीटी जिलाध्यक्ष अनिल झाझड़िया के नेतृत्व में एनटीटी भर्ती पूरी करवाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को नवलगढ़ आगमन पर ज्ञापन दिया गया।

ज्ञापन में बताया कि वर्ष 2018 में राजस्थान कमर्चारी चयन बोर्ड ने 1350 पदों पर पूर्व प्राथमिक शिक्षा अध्यापक (एनटीटी) का विज्ञापन जारी किया।

# अहलावत को बनाया भाजपा प्रदेश महामंत्री

**सूरजगढ़, ( निसं )।** पूर्व सांसद एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष अहलावत का भाजपा में कद बढ़ गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सांसद सीपी जोशी ने अपनी नई प्रदेश कार्यकारिणी का पुर्नगठन करते हुए नई टीम की घोषणा की है।

जिसमें संतोष अहलावत को प्रदेश महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी की टीम में पहले महिला नेता के तौर पर प्रदेश महामंत्री की जिम्मेदारी दिया कुमारी के पास थी। लेकिन दिया कुमारी अब उप मुख्यमंत्री बन गई है। जिनकी जगह संतोष अहलावत को दी गई है।

यही नहीं संतोष अहलावत सीपी जोशी की निवर्तमान टीम में प्रदेश उपाध्यक्ष के तौर पर मौजूद थी। लेकिन अब उन्हें प्रदेश महामंत्री जैसी बड़ी और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। यह चौथा मौका होगा। संतोष अहलावत भाजपा की प्रदेश टीम में शामिल हुई है। इससे पहले वे तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष महेश शर्मा की टीम में तथा तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी की टीम में भी प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व संभाल चुकी है।

वहीं सीपी जोशी के साथ वे फिलहाल प्रदेश उपाध्यक्ष के तौर पर टीम में शामिल थी। अहलावत को मिली नई जिम्मेदारी के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी है।

**कार्यालय नगरपालिका लक्ष्मणगढ़ (सीकर)**

क्रमांक :- न.पा.ल./2023-24/4646 दिनांक :- 01.03.2024

प्रारूप-13

(नियम-13(2) देखिए)

**लोक सूचना**

श्री सुनिल कुमार महरिया पुत्र श्री मदन लाल जाति जाट निवासी ग्राम सिंगोदड़ा तहसील लक्ष्मणगढ़ जिला सीकर राजस्थान द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का कृषि भूमि से अकृषि भूमि वाणिज्यक (पट्रोल पम्प हेतु) उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिये आवेदन प्रस्तुत किया है।

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्रफल (हैक्ट.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम सिंगोदड़ा तह. लक्ष्मणगढ जिला सीकर | श्री सुनिल कुमार महरिया पुत्र श्री मदनलाल | 371 | 1.3800 है. में से 1225 वर्गमीटर |

आवेदक द्वारा रकबा 1.3800 है. कृषि भूमि में से अकृषि वाणिज्यिक (पट्रोल पम्प हेतु) भूमि नगरपालिका में समर्पित कर पट्रोल पम्प (व्यवसायिक) पट्टा बनवाने हेतु राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 क और राजस्थान अभिधृति नयम 1955 की धारा 63 के अधिन पूरवोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृतिय अधिकारों के निर्वापन पर कोई व्यक्ति/संस्था को आक्षेप हो, तो समर्थक दस्तावेज के साथ अपना आक्षेप 7 दिवस के भीतर-भीतर इस कार्यालय में दर्ज करा सकते है अन्यथा नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

(हेमन्त कुमार तंवर) प्राधिकृत अधिकारी नगरपालिका लक्ष्मणगढ़ (सीकर)

## ओलावृष्टि से नुकसान का मुआवजा देने की मांग

**सादुलपुर, ( निसं )।** राजस्थान के कई इलाकों सहित चूरू जिले के राजगढ व सिद्धमुख तहसील क्षेत्र में ओलावृष्टि, बारिश और अंधड से फसलों को नुकसान हुआ है। वहीं सर्व समाज भाईचारा ग्रुप ने शनिवार को राज्य सरकार को पत्र लिखकर मुआवजे की मांग की है। ग्रुप के मुख्य सरंक्षक राजेश थाकण बिरमी ने पत्र में लिखा है कि इस नुकसान का सर्वे कर मुआवजा मिले, उससे पूर्व बकाया फसल बीमा का भूगतान दे दिया जाए। गौरतलब है कि चूरू जिले की राजगढ तहसील क्षेत्र एवं सिद्धमुख तहसील क्षेत्र सहित सादुलपुर, भादरा, गंगा नगर, हनुमानगढ, चूरू क्षेत्र में कई गांवों में भयंकर ओलावृष्टि हुई है। जिससे सरसों गेंहू व चने की फसलों में व्यापक नुकसान हुआ है। राजेश थाकण ने पत्र में लिखा है कि सरकार कृषि विभाग से तुरंत सर्वे करवाकर फसलों के नुकसान का जायजा लेकर मुआवजा दिलवाए। क्रॉप कटिंग भी करवाकर तुरंत फसल बीमा योजना में भी फसलों के नुकसान का ब्यौरा देकर फसल बीमा कम्पनी से बीमा क्लेम मिलना किसानों को सुनिश्चित करवाए। उन्होंने बताया कि अभी इस फसल के नुकसान की भरपाई तो कब होगी इसकी प्रक्रिया में समय लगेगा ऐसे में बकाया फसल बीमा क्लेम 2022-23 रबी व खरीफ 2023 का तुरंत किसानों के खाते में जारी करें।

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना
MAA-YOJANA

स्वास्थ्य सेवाओं का निरंतर उत्थान
आयुष्मान भारत-आयुष्मान राजस्थान




प्रति तीन महीने में स्वास्थ्यकर्मी से एक इंजेक्शन लगवाएं
जब गर्भधारण चाहें, अंतरा लगवाना बंद कर दें

सभी राजकीय जिला अस्पतालों, सीएचसी, पीएचसी एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर
अंतरा इंजेक्शन की सेवा निःशुल्क उपलब्ध है

अधिक जानकारी के लिए
एएनएम/आशा सहयोगिनी से सम्पर्क करें

साधन-परामर्श हमारा : चयन-फैसला आपका

गर्भ निरोधक गोलियां छाया/माला-एन | कंडोम | आईयूसीडी 375, 380 ए | इंजेक्शन अंतरा एमपीए | ईज़ी पिल | पुरुष नसबंदी (हर माह तीसरा बुधवार नसबंदीवार) | महिला नसबंदी

सेवा प्राप्ति के लिए सभी राजकीय स्वास्थ्य केन्द्रों अथवा स्वास्थ्य कार्मिक से सम्पर्क करें।

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन राजस्थान

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवाएं (आईईसी) राजस्थान, जयपुर

राजस्थान संवाद